
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 31.10.2023 से 04.11.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन

(दिनांक 31.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित शपथ समारोह में शिरकत कर देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए उन्हें शत्–शत् नमन किया। सरदार पटेल की जयंती पर उन्होंने उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और समाज को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। 31 अक्टूबर का दिन देशभर में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई, वहीं आजादी के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का अतुलनीय कार्य भी किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र



जब देश आजाद हुआ, तो उस समय देश की रियासतों में बंटा था। देश की 565 रियासतों को यह कहते हुए उनकी मर्जी पर छोड़ दिया कि यदि कोई रियासत एक संविधान के तहत नहीं आना चाहती तो वे स्वतंत्र हैं। देश की 565 रियासतों में से केवल 3 रियासतों ने एक संविधान के तहत आने से इनकार कर दिया था। सरदार पटेल ने दोनों रियासतों को समझा कर एक एक संविधान के तहत लाने का सफल कार्य किया। परंतु पंडित जवाहर लाल नेहरू उस एक रियासत (जम्मू एवं कश्मीर) को नहीं समझा पाए और वहां धारा 370 लागू करके उन्हें एक अलग राष्ट्र का दर्जा देना पड़ा। लंबे समय बाद जब देश को श्री नरेंद्र मोदी के रूप में प्रधानमंत्री मिला, तो उन्होंने बिना किसी विवाद के धारा 370 और 35–ए को समाप्त कर जम्मू एवं कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाकर पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोया।

सरदार पटेल द्वारा देश की एकता व अखंडता के लिए दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए गुजरात में एक भव्य स्मारक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाया गया है, जो भावी पीढ़ियों के लिए एकता का प्रतीक है। सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक प्रणाली, आईएएस की भूमिका के संबंध में कहा था कि आईएएस ईज़ स्टील फ्रेमवर्क ऑफ दी कंट्री अर्थात यह सर्विस हमारे देश की रीढ़ है। इस सेवा के अधिकारी अपने परिवार को छोड़कर देश के अन्य–अन्य राज्यों व प्रांतों में समर्पित भाव से अपनी सेवाएं देते हैं, इनका यही भाव देश को एकता के सूत्र में पिरोये रखने में अहम भूमिका निभाता है। शपथ समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलवाई।

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 31.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सरदार वल्लभभाई की जयंती के अवसर पर ट्राइडेंट हिल्स, पिंजौर में आयोजित रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाने उपरांत भारी संख्या में उपस्थित बच्चों और युवाओं को संबोधित कर कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता के सूत्रधार थे और माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण करवाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इससे पहले उन्होंने भारत माता की जय के उद्‌घोष के बीच बच्चों और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने जोश और जुनून के साथ दौड़ लगाई। माननीय मुख्यमंत्री जी ने लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर उन्हें



नमन करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को न फॉर यूनिटी का आयोजन देशभर में किया जाता है जिसमें लाखों–करोडों की संख्या में बच्चे, महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं और देश की एकता व अखंडता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि पिछले कई वर्षों से उन्हें हर वर्ष किसी न किसी स्थान पर इस आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलता रहा है। रन फॉर यूनिटी मात्र एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह देश के हर नागरिक में एकता व अखंडता की भावना से ओतप्रोत करती है और देश के लिए मर मिटने का जज्बा पैदा करती है। उन्होंने कहा कि आज कई विदेशी ताकतें भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, परंतु हमने संकल्प लिया है कि अपने देश पर किसी को भी नजर उठा कर देखने नहीं देंगे।

श्री काली माता मंदिर कालका श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है और यहां श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आतेए आने वाले श्रद्धालुओं को वाहनों की पार्किंग में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए शीघ्र ही पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पार्किंग निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र अति शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने पिंजौर स्थित अमरावती पुल का निरीक्षण कर बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबध में शीघ्र ही एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विभिन्न परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी

(दिनांक 31.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत फतेहाबाद, पानीपत, करनाल, पंचकुला और अंबाला सहित 5 जिलों में 51 करोड़ रुपये से अधिक की 103 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया इन परियोजनाओं ने मुख्यतः जिला फतेहाबाद के भूना कस्बे में 3.82 करोड़ रुपये व पानीपत गांव सिवाह में 2.65 करोड़ रुपये की लागत से शेष गलियों में सीवर लाइनें बिछाने, गांव बेहोली ब्लॉक समालखा में 1.40 करोड़ व गांव खंडरा में 89.35 लाख रुपये की लागत से पुरानी क्षतिग्रस्त पीवीसी पाइप लाइन के स्थान पर डीआई पाइप लाइन बिछाने, खराब ट्यूबवेल के स्थान पर गहरा ट्यूबवेल स्थापित करने, करनाल जिला के गांव बल्लाह में 20.69 करोड रुपए की लागत से सीवरेज सुविधाएं प्रदान करने और सीवेज उपचार संयंत्र का निर्माण भी करना।

घरौंडा के विभिन्न गांवों में 1.32 करोड़ की लागत से समानांतर नई डी.आई. पाइप लाइन बिछाने, ब्लॉक कुंजपुरा में 90.52 लाख रुपये की लागत से समानांतर नई डी.आई पाइप लाइन बिछाने, गांव पुंडरक में 63.89 लाख रुपये की लागत से ट्यूबवेल की खुदाई और पुरानी पीवीसी पाइपलाइन के समानांतर डीआई पाइपलाइन बिछाने आदि बहुत सी परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है।

# आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत कलश यात्रा का समापन समारोह

(दिनांक 31.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत कलश यात्रा का समापन समारोह उपरान्त कहा हरियाणा ने राष्ट्रव्यापी आजादी का अमृत महोत्सव में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रदेश को नेशनल अवार्ड प्रदान किया। हरियाणा को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों के आधार पर देश में तीसरा स्थान मिला है। यह पुरस्कार आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत कलश यात्रा के समापन समारोह में माननीय प्रधानमंत्री जी से हरियाणा के मुख्य सचिव जी ने प्राप्त किया। मुख्य सचिव जी ने पुरूस्कार प्राप्त करने के



बाद बताया कि देश की आजादी की 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में दो साल आजादी का अमृत महोत्सव समारोहों के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान भी चलाया गया, जिसका समापन आज हुआ है।

यह स्मारकीय आयोजन भारत की आजादी के लिए लड़ने वालों और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए अथक प्रयास करने वालों के बलिदान और योगदान के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन पूरे देश में एक व्यापक स्तर पर किया गया जिसमें संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज की जन भागेदारी रही। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान हरियाणा में आम लोगों को महोत्सव से जोडने और आजादी के अज्ञात नायकों के बारे में जानकारी देने के लिए नाटकों का आयोजन भी किया गया। इस श्रृंखला में अग्रेंजी हुकुमत के खिलाफ क्रान्ति की शुरूआत करने वाले भिवानी जिला के गांव रोहनात के शहीद को समर्पित 'दास्तान–ए–रोहनात' का मंचन सभी जिलों में किया गया। इस महोत्सव के अंतर्गत गीता महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें सूर्य नमस्कार में करोड़ो की भागीदारी के साथ चार नए रिकार्ड बने जिसमें प्रमुख रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस लंदन, अमेजिंग ओलम्पिया वर्ल्ड रिकार्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस शामिल है। हरियाणा में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पांच विशेष पुस्तकें प्रकाशित की गई। इन पुस्तकों में हरियाणा साहित्य अकादमी व पंजाबी साहित्य अकादमी की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव पर आधारित प्रकाशन किया गया।



# हरियाणा दिवस के मौके पर अंत्योदय परिवारों को बड़ी सौगात

(दिनांक 01.11.2023)

**प्रभाव :** हरियाणा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास एक अहम बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने बहुत सी महत्वपूर्ण घोषणाएं की। अंत्योदय परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वर्ग के परिवारों के सदस्यों को सैद्धांतिक रूप से कार्ड वितरित कर आयुष्मान/चिरायु योजना का लाभ देने की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अभी तक 38,000 परिवारों ने आवेदन किया था। आज से इन सभी परिवारों को आयुष्मान/चिरायु योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया। बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के कर्मचारी व पेंशन भोगियों को भी मनोहर तोहफा देते हुए कैशलैस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में दो विभाग नामतरू मत्स्य व बागवानी के 894 कर्मचारियों को






इसमें शामिल किया गया है और प्रथम चरण में बीमारियों के 1055 पैकेज व हरियाणा के 305 अस्पतालों को सम्मिलित किया गया है।

आगामी समय में अन्य विभागों में भी इस कैशलैस सुविधा को लागू कर दिया जाएगा, जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारियों को लाभ होगा। इसके अलावा, प्रदेश के मान्यता प्राप्त पत्रकार भी कैशलैस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस सुविधा के पूरी तरह लागू होने पर हरियाणा के करीब 3.5 लाख नियमित कर्मचारी, 3 लाख पेंशनभोगी और उनके 20 लाख आश्रित सूचीबद्ध अस्पतालों में नकद रहित (कैशलेस ) उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

इस योजना में कुल 1340 बिमारियों को कवर किया गया है। प्रदेश में सूचीबद्ध 569 अस्पतालों में इस कैशलैस सुविधा का लाभ उठाया जा सकेगा व भविष्य में देशभर के अस्पताल इस योजना से जोड़े जायेंगे।

# हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा राजभवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

(दिनांक 01.11.2023)




**प्रभाव :** 57वें हरियाणा दिवस पर हरियाणा राजभवन चण्डीगढ़ में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय व माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिरकत की। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय व माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए गौरव का दिन है और हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमें न केवल हरियाणा के लिए ही नहीं बल्कि देश की प्रगति व समृद्धि के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला के कलाकारों द्वारा हरियाणवी, पंजाबी, लद्दाखी लोक नृत्यों के साथ–साथ मध्य प्रदेश के देवी माता शीतला के बधाई नृत्य व छत्तीसगढ़ के अध्यात्मिक भावना व शारीरिक कौशल के आदिवासी पन्नी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

# करनाल में अन्त्योदय महासम्मेलन का आयोजन

(दिनांक 02.11.2023)

**प्रभाव :** हरियाणा गठन के 57 वर्ष पूरे होने पर दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में अन्तोदय महासम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने शिरकत की। विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने पिछले 9 वर्षों में अन्तोदय की भावना से निस्वार्थ भाव से जनसेवा करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा से भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद व क्षेत्रवाद की राजनीति को खत्म किया है। विकास कार्यों के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हरियाणा प्रदेश को पिछले 9






वर्षों में 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है जबकि इससे पहले कांग्रेस के 10 सालों के कार्यकाल में केवल 40 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई थी।

हरियाणा किसानों व वीरों की भूमि है। यहां पर किसान देश का अन्न भंडारण भरता है तो वहीं जवान सीमाओं की रक्षा करता है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर के निर्माण को वर्षों तक लटकाये रखा। हरियाणा की जनता ने बीजेपी के पक्ष में दूसरी बार जनाधार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सौंपी और अब वे 22 जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर का शुभारंभ करने जा रहे है।

उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे आज हरियाणा द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठाते हुए 22 जनवरी को इस भव्य कार्यक्रम के गवाह बने। श्री अमित शाह जी ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की बीजेपी सरकार ने देश व प्रदेश दोनों को गत 9 वर्षों में विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। विकास कैसे होता है कांग्रेस पार्टी नरेन्द्र मोदी व मनोहर लाल की डबल इंजन सरकार के एक–एक पृष्ठ को पलट कर देख लें।

श्री अमित शाह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र है कि चाहे सरकार की वर्षगांठ हो या हरियाणा दिवस की स्थापना का अवसर हो हर

# साप्ताहिक सूचना पत्र

अवसर को गरीब कल्याण के उद्देश्य से मनाते इससे अच्छा तरीका कोई हो नहीं सकता। मुख्यमंत्री जी दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को साकार कर रहे है। माननीय मुख्यमंत्री जी की पीठ थपथपाते हुए श्री अमित शाह जी ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने बडा परिवर्तन लाते हुए हरियाणा को एक विकसित राज्य बनाने का काम किया। हरियाणा जैसे प्रदेश से भ्रष्टाचार को समाप्त करना, कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखना एक कठिन चुनौती थी जिसे मुख्यमंत्री जी ने बखूबी तरीके से पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी हरियाणा व देश का विकास नहीं कर सकती और कांग्रेस के कार्यकाल में तो देश सुरक्षित भी नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेवाओं को आधुनिक बनाया और साथ ही सीमा पर सैनिकों को अच्छे और आधुनिक हथियार से लैस करवाया है। वन रैंक वन पेंशन जवानों की लम्बे समय से चली आ रही जवानों की मांग को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 ए को 5 अगस्त 2019 को हटवाने का कार्य किया। साथ ही पुलवामा हमले के बाद 10 दिनों में सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया।

उन्होंने इस भारी जनसमूह में लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले केन्द्र व हरियाणा विधानसभा के चुनावों में फिर से सभी सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के हाथ मजबूत करें। इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंत्योदय महासम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का दानवीर कर्ण की नगरी में पधारने पर उनका स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कल ही 1 नवंबर को हरियाणा का 58वां स्थापना दिवस मनाया गया है और 26 अक्टूबर, 2023 को हरियाणा सरकार ने 9 वर्ष पूरे किए हैं। इन 9 वर्षों में राज्य सरकार ने प्रदेश के पंक्ति में खड़े हुए

# साप्ताहिक सूचना पत्र

अंतिम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी इत्यादि, जिनकी सालाना आय बहुत कम है, उनके कल्याण के लिए विशेष योजनाएं चलाई हें। आज का यह अंत्योदय महासम्मेलन इन योजनाओं का ही एक प्रमाण है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय गृह मंत्री के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि श्री अमित शाह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर देशभर में पार्टी का जो तानाबाना बुना और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, सबसे मजबूत पार्टी का गौरव प्राप्त हुआ, इससे आपकी क्षमता व सुदृढ़ता का परिचय मिलता है। इतना ही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री के तौर पर श्री अमित शाह ने कई साहसी निर्णय लिये हैं।


जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 व 35 ए को निरस्त करने का आपने काम किया है, उससे सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद आती है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता व अखंडता में पिरोने का काम किया। लेकिन कुछ काम बच



गया था, जिसे प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने पूरा किया। आज से 9 वर्ष पहले की सरकारों के कार्यकाल में प्रदेश में निराशा, अवसाद, भाई भतीजावाद का माहौल था। बिचौलिये काम करते थे और जाति और वर्ग का बोलबाला था। हमारी सरकार ने इन सारी व्यवस्था को बदलने का काम किया है। हालांकि, विपक्ष के लोग जातिवाद राजनीति की बातें आज भी करते हैं। सब पार्टियां अलग–अलग जातियों के उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणाएं कर रही हैं। इस देश की आस्था हमारे लोकतंत्र में है, लेकिन ये पार्टियां उस लोकतंत्र की आस्था को बिगाड़ रही हैं।

हमने गरीबों की समस्याएं और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमने कई योजनाएं बनाई हैं। हमने आईटी का उपयोग कर ई–गवर्नेंस के नाते से आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। हमारी सरकार ने कभी भी बिचौलियों का सहारा नहीं लिया। इतना ही नहीं, हमने जनता को दस्तावेज, दफ्तर और दरख्वास्त से निजात दिलाई। हमारी सरकार ने समाज को स्वाभिमानी बनाने का काम किया। वर्ष 2014 में सरकार बनाते ही हमने हरियाणा एक–हरियाणवी एक का नारा और दिया और उसी पर चलते हुए विभिन्न कार्य किए। आज का यह अंत्योदय महासम्मेलन अंतिम के उदय का ही दर्शन है। कांग्रेस ने हमेशा गरीबी हटाओ का नारा दिया। कभी 4 सूत्रीय कार्यक्रम, कभी 20 सूत्रीय कार्यक्रम चलाए। असल में वे लोग गरीबों के साथ 420 का खेल खेलते रहे।

लेकिन अब जनता उनके बहकावे में नहीं आएगी। वर्ष 2014 से पहले के शासन में सरकार जनता को लूटती भी थी और कूटती भी थी। लेकिन हमने प्रदेश की लगभग 2.83 करोड़ लोगों को अपने परिवार का हिस्सा मान कर उनके कल्याण के लिए काम किया। हमने केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने का काम किया। हमारी सरकार ने 3 सी– यानी कॉस्ट बेस राजनीति, करप्शन और क्राइम को खत्म



करने का काम किया। अभी हमने हरियाणा का 58वां स्थापना दिवस मनाया और इस अवसर पर मैं गर्व से कह सकता हूं कि लगातार 9 साल की मेहनत के बाद हमारी सरकार से पहले प्रदेश में जितनी भी बुराइयां पनपी हैं, उन सब बुराइयों को हम रिटायर कर देंगे। किसी भी बुराई को पनपने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 7एस– शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन, स्वाभिमान, सुशासन और सेवा पर काम किया है और आगे भी करेंगे। सरकारी खजाना गरीब जनता के लिए खुला है, पैसे की कोई कमी नहीं आने देंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब परिवार के युवाओं को अतिरिक्त 5 प्रतिशत अंक देने का निर्णय लिया है, ताकि वे भी सरकारी नौकरी में आ सकें। मुझे खुशी है कि नौकरियों में 60–65 प्रतिशत ऐसे ही परिवारों के युवा आ रहे हैं। पहले की सरकारों में पर्ची–खर्ची चलती थी। लेकिन अब वो ज़माना चला गया। अब नौकरी के लिए किसी को पैसा देने की जरूरत नहीं है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग कहते हैं कि जब हम आएंगे तो पोर्टल खत्म कर देंगे, परिवार पहचान पत्र खत्म कर देंगे। मैं वास्तव में उन्हें शुभकामनाएं देता हूं कि वे लोग इस बात को लगातार बोलते रहें, क्योंकि जितना ज्यादा वे बोलेंगे, उतना अधिक जनता को इस बात का पता चलेगा कि उन्हें इन योजनाओं से इतना लाभ हो रहा है। जितना ज्यादा विपक्ष के लोग

# साप्ताहिक सूचना पत्र



बोलते रहेंगे उतना ही जनता उन्हें खत्म कर देगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि सामान्य परिवार में जन्म लेकर दानवीर कर्ण ने जीवन में सेवा व कल्याण के ऐसे कार्य किए कि आज के युग में भी वे सबसे बड़े दानवीर कहलाते हैं। इस महासम्मेलन में आए हुए लोगों को एक किट दी जाएगी, जिसमें एक कैलेंडर, एक रजिस्टर और एक पोस्ट कार्ड मिलेगा, जिस पर मुख्यमंत्री आवास का पता लिखा होगा। यदि किसी व्यक्ति के मन में कोई भी बात हो तो वो अपनी बात लिख कर मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचा दें, उनकी बात मैं स्वयं पढूंगा और उस पर संज्ञान लूंगा।

अंत्योदय महासम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री जी ने 5 नई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया तथा माननीय मुख्यमंत्री जी ने कई घोषणाएं की जोकि निम्नप्रकार से हैं–

**माननीय मुख्यमंत्री जी घोषणा करते हुए कहा कि 1 जनवरी, 2024 से प्रदेश में सामाजिक पेंशन के लाभार्थियों को 3 हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। वर्तमान में यह पेंशन राशि 2750 रुपये है।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का गठन

श्री अमित शाह ने हरियाणा में अंत्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का शुभारंभ किया। यह बोर्ड अंत्योदय परिवारों के लिए अभी तक राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी व समीक्षा करेगा। इतना ही नहीं, यह बोर्ड आय जल्दी से बढ़ाने के लिए नई योजनाएं भी बनाएगा और उनका कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करेगा।

## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी)

केंद्रीय गृह मंत्री ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत सालाना 1 लाख रुपये से कम आय वाले अंत्योदय परिवारों, जिनके 3 से अधिक सदस्य हैं, के हर सदस्य को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में उन अंत्योदय परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो ऋण लेकर मिनी डेरी खोलना चाहते हैं। ऐसे परिवार जब मिल्क युनियन में दूध बेचेंगे तो उन्हें एक साल तक दूध पर सहकारिता यूनियन के मूल्य से प्रति लीटर 10 रुपये ज्यादा दिए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 साल से अधिक आयु के सदस्यों को अयोध्या, वाराणसी आदि तीर्थों के दर्शन करवाए जाएंगे। आने–जाने का सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

# निरोगी हरियाणा योजना के सकारात्मक परिणाम

(दिनांक 03.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विगत 9 वर्षों से हर एक वर्ष को एक नये संकल्प के रूप में मनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप वर्ष 2023 को अंत्योदय आरोग्य वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प पूरा होने की राह पर है।


25 दिसंबर, 2022 को सुशासन दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने जब वर्ष 2023 को अंत्योदय आरोग्य वर्ष मनाने की घोषणा थी कि तो उन्होंने जनता के समक्ष यह विज़न रखा था कि सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें स्वस्थ रखने का बीड़ा उठाएगी। इसी दिशा में बढ़ते हुए एक अनूठी योजना निरोगी हरियाणा की शुरुआत की गई।

माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लगातार 9 वर्षों के कार्यकाल के दौरान राज्य सरकार ने सामाजिक–आर्थिक मानदंडों के आधार पर प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों के आर्थिक उत्थान के लिए अपने सतत् प्रयासों की जो यात्रा शुरू की थी, उसमें अंत्योदय परिवारों को आरोग्य बनाये रखने का मिशन भी जोड़ दिया।

माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में निरोगी हरियाणा योजना का जमीनीस्तर पर त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरी इत्यादि में मुफ्त टेस्ट किए जा रहे हैं। योजना के तहत 25 से अधिक मानकों पर वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मुफ्त उपलब्ध करवाई जा रही है। निकट भविष्य में निजी क्षेत्र के अस्पतालों, नर्सिंग होम व लैबोरेटरी को भी इस योजना में जोड़ने का प्रयास है, ताकि नागरिकों के स्वास्थ्य जांच की गति को और अधिक बढ़ाया जा सके।

गरीब व जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के संकल्प

# साप्ताहिक सूचना पत्र



को पूरा करने हेतु शुरू की गई निरोगी हरियाणा योजना सकारात्मक परिणाम ला रही है। इस अभियान के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर के भी मरीज मिले हैं और टी. बी. तथा कैंसर जैसी गंभीर बिमारियों का भी जांच के दौरान पता लगा है, जिन्हें अस्पतालों में ईलाज के लिए रेफर भी किया गया है। इससे पता चलता है कि स्वास्थ्य की जांच करवाना कितना जरूरी है। बीमारी से बचना बीमार होने से बेहतर है। इसलिए यदि अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखना है तो इसके लिए सभी को अपनी दिनचर्या में योग अथवा व्यायाम को अवश्य शामिल करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुरूप स्वस्थ खानपान व शुद्ध जीवनशैली अपनाते हुए शरीर को निरोगी रखने की भारतीय संस्कृति की बहुत पुरानी पद्धति है। इसलिए सरकार ने गांवों में योगशालाएं/ व्यायामशालाएं खोली हैं ताकि लोग योग व व्यायाम करके अपने शरीर को निरोगी रख सकें।

# वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पाने वाले लाभार्थियों से सिधा संवाद

(दिनांक 04.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑटोमेटिक ढंग से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पाने वाले लाभार्थियों से सीधा संवाद कर कहा कि हमारी सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है।

इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है। मई 2022 में सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ते को परिवार पहचान पत्र से जोड़ा और तबसे अब तक लगभग 1 लाख 40 हजार वृद्धों का भत्ता ऑटोमेटिकली शुरू किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ते का ज्यादा से ज्यादा वृद्धों को लाभ पहुंचाने के लिए इसके लिए आय सीमा को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये वार्षिक तक की है। भविष्य में भी जो व्यक्ति 60 साल की आयु पूरी कर लेगा तथा पति–पत्नी की आय 3 लाख रुपये वार्षिक तक होगी, उसका वृद्धावस्था सम्मान भत्ता ऑटोमेटिक शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में लाभार्थियों को 1000 रुपये मासिक पेंशन मिलती थी। हमारी सरकार ने हर साल इस सम्मान भत्ता की राशि में वृद्धि करते हुए 2,750 रुपये मासिक किया और अब आगामी पहली जनवरी, 2024 से इस राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये कर दिया है।

उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के अलावा सरकार विधवा महिलाओं, गंभीर बिमारी से ग्रस्त व्यक्तियों और दिव्यांग व्यक्तियों को भी पेंशन का लाभ



देती है। इनके अलावा, अब सरकार ने विधुर को भी 40 साल की आयु के बाद तथा 45 वर्ष से 60 वर्ष आयु वाले अविवाहित पुरुषों के लिए भी मासिक पेंशन देने की शुरुआत की है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार ने बुजुर्गों के लिए एक नई योजना बनाई है। इस वित्त वर्ष के बजट में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो के लिए प्रहरी योजना शुरू करने की घोषणा की थी। परिवार पहचान पत्र के डेटा के अनुसार प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु के 3 लाख 30 हजार बुजुर्ग हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि अपने परिवार के बुजुर्गों का ख्याल रखें, जिन बुजुर्गों के आर्शिवाद से आप लोगों जिंदगी के इस मुकाम तक पहुंचे हो, उनका ऋण अवश्य चुकायें। बुजुर्गों की सेवा करें, उन्हें पूरा मान–सम्मान दें और अनुभवों का लाभ अवश्य उठाएंगे तो निश्चित तौर पर आप जीवन में कामयाबी हासिल करेंगे।